# निविदा सूचना

अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश जल निगम, लखनऊ की ओर से जनपद सीतापुर के नजूल खण्ड, मो0 शेखरम (किला कादिम) पुराना सीतापुर में अधोलिखित निर्माण हेतु मुहरबन्द निविदा दिनांक 24/07/2017 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 14/07/2017 से दिनांक 18/07/2017 तक कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट–53, सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, हरदोई एवं कार्यालया अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, हरदोई से किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य का भुगतान करके कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र पूर्ण कर दिनांक 24/07/2017 को अपरान्ह 3:00 बजे तक उपरोक्त किसी भी कार्यालय में जमा किया जा सकता है, जिसे दिनांक 25/07/2017 को ठेकेदारों या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में अपरान्ह 3:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय सीतापुर में जिलाधिकारी महोदय अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

| क0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन.यू.एल.एम.) के अन्तर्गत सीतापुर के नजूल खण्ड, मो0 शेखरम (किला कादिम) पुराना सीतापुर में शेल्टर होम का निर्माण | 196.65 | 2.00 | रु0 10000+5 प्रतिशत वैट | 12 माह |

**नियम व शर्तें :–**

1. निविदा प्रपत्र का विक्रय उ0प्र0 जल निगम/सी0एण्ड डी0एस0/लोक निर्माण विभाग/सिंचाई विभाग/सी0पी0डब्ल्यू0डी0/उ0प्र0 सरकार के उपक्रम/भारत सरकार के उपक्रमों में श्रेणी–'ए' (भवन कार्य) में पंजीकृत ठेकेदारों को उनके अनुरोध पत्र के साथ पंजीकरण प्रमाण–पत्र एवं निविदा प्रपत्र मूल्य राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्रस्तुत करने पर ही की जायेगी। बैंक ड्राफ्ट निदेशक, सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, हरदोई के पक्ष में हरदोई में भुगतान हेतु देय हो।
2. प्रत्येक निविदायें दो अलग–अलग सीलबन्द लिफाफों में जमा करना होगा, जिसमें एक लिफाफे में टेक्निकल बिड जिसमें धराहर धनराशि, पंजीकरण, अनुभव प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण–पत्र एवं टर्न ओवर प्रमाण–पत्र आदि तथा दूसरे लिफाफे में फाइनेन्सियल बिड जिसमें निविदा दरें होंगी। सम्बन्धित लिफाफे पर टेक्निकल बिड तथा फाइनेन्सियल बिड अंकित हों।
3. निविदा के साथ धरोहर धनराशि जो कि राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ0डी0आर0, सी0डी0आर0, एन0सी0आर0/डाकघर का कय किये हुए एन0एस0सी0 के रूप में हो एवं निदेशक, सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, यूनिट–53, हरदोई के पदनाम बंधक हो, जमा करना होगा।
4. ठेकेदार/फर्म की न्यूनतम हैसियत निविदा लागत की 40 प्रतिशत, टर्न ओवर पिछले तीन वर्ष का औसतन 30 प्रतिशत एवं किसी एक वर्ष में 50 प्रतिशत होनी चाहिए।

––2

5. ठेकेदार/फर्म को कार्य की लागत के सापेक्ष विगत 7 वर्षों में तीन कराये गये कार्यों का 40 प्रतिशत अथवा दो कराये गये कार्यों का 50 प्रतिशत अथवा किसी एक कराये गये कार्य का 80 प्रतिशत का अनुभव होना अनिवार्य है।
6. विभाग में कराये गये कार्यों की गुणता/प्रगति के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरी का सर्वाधिकार सुरक्षित होगा।
8. निविदादाता जिनका आपराधिक रिकार्ड है, निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले पायेंगे।
9. निविदादाता, जो किसी भी बार काउन्सिल में पंजीकृत है, निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले पायेंगे।
10. निविदा दरों के साथ रु0 100.00 (रुपया एक सौ) मात्र के स्टाम्प पेपर शपथ पत्र जमा करना होगा।
11. निविदाताओं से यह विशेष रूप से आपेक्षित है कि वे निविदा दर देने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण व निविदा प्रपत्रों का अध्ययन कर लें।
12. निविदा डाक द्वारा मंगाने पर डाक व्यय रु0 500.00 अतिरिक्त देय होगा। डाक द्वारा विलम्ब से निविदा प्राप्त होने पर विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।
13. सफल निविदादाता को अनुबन्ध हेतु 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं नवीनतम प्रचलित दर से स्टाम्प जमा करना होगा।
14. किसी भी वाद–विवाद के निस्तारण का स्थल मा0 न्यायालय, जनपद सीतापुर होगा।

( कमलेश कुमार )
परियोजना प्रबन्धक

पृ0 संख्या 570/निविदा/01 दिनांक 15/06/2017

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी महोदय, सीतापुर।
2. परियोजना अधिकारी, नगरीय विकास अभिकरण, सीतापुर।
3. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सीतापुर/हरदोई।
4. मुख्य महाप्रबन्धक(प्रथम)/ सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
5. मुख्य महाप्रबन्धक(चतुर्थ), सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
6. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, हरदोई।
7. महाप्रबन्धक(नि–10), सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
8. जन सम्पर्क अधिकारी, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को 6 प्रतियों में एवं सी0डी0 सहित इस आशय से प्रेषित कि कृपया इन्हें अपने स्तर से लखनऊ मण्डल में प्रकाशित होने वाले राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
9. गार्ड फाइल/नोटिस बोर्ड।

परियोजना प्रबन्धक

# दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशनार्थ निविदा सूचना

एन0आई0टी0संख्या ..........570/निविदा/01 दिनांक 15-06-2017

अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद सीतापुर के अन्तर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन.यू.एल.एम.) के अन्तर्गत सीतापुर के नजूल खण्ड, मो0 शेखरम (किला कादिम) पुराना सीतापुर में शेल्टर होम का निर्माण, जिसकी अनुमानित लागत रु0 196.65 लाख है, हेतु निविदा की बिक्री दिनांक 14/07/2017 से दिनांक 18/07/2017 तक कार्यालय समय में कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट 53, सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, हरदोई एवं कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, हरदोई में की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 10000/- + 5 प्रतिशत वैट है। प्रश्नगत निविदा दिनांक 24/07/2017 को अपरान्ह 3:00 बजे तक उक्त दोनों कार्यालयों तथा जिलाधिकारी, सीतापुर के कार्यालय में डाली जायेगी, जो दिनांक 25/07/2017 को अपरान्ह 3:00 बजे जिलाधिकारी, सीतापुर के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण एवं अहर्ता के सम्बन्ध में जानकारी सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम की वेब साईट www.cdsupjn.org अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

परियोजना प्रबन्धक
यूनिट 53, सी0एण्ड डी0एस0,
उ0प्र0 जल निगम, हरदोई